# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.08.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में जन धन योजना के अभूतपूर्व परिवर्तनकारी परिणामों का प्रभाव बेमिसाल है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि जन धन योजना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश के लोगों को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत अब तक 59 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। इन खातों में कुल जमा राशि 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये है। इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में आज ही के दिन किया था। ये विश्व की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल है।

**********************

जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी के मामले को लेकर झारखंड में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। विपक्ष ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग दोहराई है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि सरकार इस मामले में कई लोगों को बचाना चाहती है, इसलिए सीबीआई जांच से बच रही है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को जांच सौंपी जानी चाहिए।

वहीं, जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि सरकार पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच करा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी लोग दोषी पाए जा रहे हैं, उनकी गिरफ्तारी की जा रही है।

**********************

ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर घोटाला मामले में आरोपी सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता सिंगरई टूटी और प्रमोद कुमार को रांची की विशेष पीएमएलए अदालत से झटका लगा है। अदालत ने दोनों की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी। इसके बाद दोनों के खिलाफ आरोप गठन की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। मामले में ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने पक्ष रखा।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल वन क्षेत्र के अधीन गुंडाबिहार गांव में रक्षाबंधन के अवसर पर 'एक पेड़ भाई के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन प्रबंधन संरक्षण समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं और युवतियों ने पेड़ों की पूजा–अर्चना कर उन्हें राखी बांधी। इस दौरान ग्रामीणों ने 'पेड़ काटेंगे नहीं, काटने देंगे नहीं' का संकल्प लेते हुए जंगल संरक्षण का संदेश दिया।

**********************

झारखंड में जाति, आय, आवासीय और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग यानी **ईडब्ल्यूएस** प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन के साथ–साथ ऑफलाइन भी बनाए जा सकेंगे। कार्मिक विभाग ने 27 अगस्त को इस संबंध में आदेश जारी कर सभी जिलों के उपायुक्तों को भेज दिया है। यह व्यवस्था अगले तीन माह तक लागू रहेगी। फैसला प्रमाण पत्रों के लिए बढ़ी आवेदनों की संख्या को देखते हुए लिया गया है।

**********************

रांची विश्वविद्यालय में प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए छह शिक्षकों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कुलपति ने झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2026 के तहत नियुक्तियां की हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। जूलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. आनंद कुमार ठाकुर को छात्र कला एवं संस्कृति का प्रभारी निदेशक, जबकि एस.एस. मेमोरियल कॉलेज के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल बीरेंद्र कुल्लू को खेल एवं शारीरिक शिक्षा का प्रभारी निदेशक बनाया गया है।

**********************

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान यानी रिम्स में संविदा के आधार पर 53 पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। इनमें स्वास्थ्य बीमा संचालन प्रबंधक का एक, तल समन्वयक के 12 और आरोग्य मित्र के 40 पद शामिल हैं। इन पदों के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार 31 अगस्त को होगा।

**********************

प्रदेश में अगले चार दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम केंद्र, रांची ने 28 से 31 अगस्त तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में भारी बारिश, वज्रपात और तेज हवा को लेकर चेतावनी जारी की है।

*******समाप्त*********